J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 14.11.2019**

**PUNJAB KESARI**

# सेल्समैन एडमिनिस्ट्रेशन पर कार्यशाला शुरू

फरीदाबाद, 13 नवम्बर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग द्वारा इंडस्टी रिलेशन्स प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सेल्समैन एडमिनिस्ट्रेटर पर एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित कर रहा है। कार्यशाला में 200 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सेल्समैन प्रशासनिक कौशल को बढ़ावा देने पर बल दिया और कहा कि सेल्समैन एडमिनिस्ट्रेशन की बढ़ती मांग को देखते हुए, विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए सेल्समैन एडमिनिस्ट्रेशन पर कार्यशाला आयोजित करने की पहल की है।



*कार्यशाला के प्रतिभागियों के साथ प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)*

कुलपति ने कहा कि अंत:विषय इंजीनियरिंग के युग में तकनीकी संस्थानों को विद्यार्थियों के आर्थिक और सामाजिक कौशल पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इससे पहले, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि श्री आनंद बाबू ने संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भविष्य में क्लाउड कंप्यूटिंग, डेवलपर और व्यवसाय विश्लेषक के उपयोग के बारे में भी बताया। कंप्यूटर इंजीनियरिंग के अध्यक्ष डॉ.कमल कुमार भाटिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया तथा विद्यार्थियों को कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा गणमान्य व्यक्तियों को पौधा भेंट किया गया। कार्यशाला का आयोजन डॉ. संजीव गोयल, डॉ. मानवी, डॉ. दीपिका, ज्योत्सना और पीयूष किया जा रहा है और इसे डॉ. रश्मि पुरी और डॉ. अश्लेषा गुप्ता द्वारा समन्वित किया जा रहा है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 14 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/45722136

**NEWS CLIPPING: 14.11.2019**

## NAVBHARAT TIMES

### कार्यशाला शुरू

■ **वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग की तरफ से इंडस्ट्री रिलेशंस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सेल्समैन एडमिनिस्ट्रेटर पर एक सप्ताह की कार्यशाला बुधवार को शुरू हुई। इसमें 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसका शुभारंभ कुलपति दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सेल्समैन प्रशासनिक कौशल को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि आनंद बाबू ने छात्रों को संबोधित किया।

### 8 जगह लगे डिजिटल नोटिस बोर्ड

■ **वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद ने डिजिटल कैंपस की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

विश्वविद्यालय के डिजिटल इंडिया सेल ने विश्वविद्यालय परिसर में 8 प्रमुख स्थानों पर डिजिटल नोटिस बोर्ड और स्मार्ट टीवी लगाए हैं। इस नई सुविधा का शुभारंभ कुलपति दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डीन, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य और डिजिटल इंडिया सेल के सदस्य उपस्थित थे। यह सुविधा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) योजना के तहत प्रदान की गई है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी क्षेत्रों में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने की तरफ बढ़ रहा है। नई सुविधा न केवल कागज के उपयोग को कम करेगी, बल्कि विद्यार्थियों को तत्काल जानकारी और अपडेट भी प्रदान करेगी। रूसा के समन्वयक डॉ. कोमल कुमार भाटिया ने बताया कि डिजिटल नोटिस बोर्ड को एलसीडी व एलईडी स्क्रीन के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिस पर सभी प्रकार के नोटिस, जानकारी तथा विडियो प्रदर्शित करने की सुविधा है।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 14.11.2019**

**HINDUSTAN**

# कौशल बढ़ाने पर जोर दिया गया

**फरीदाबाद ।** वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और औद्योगिक संबंध प्रकोष्ठ की ओरसे सेल्समैन (विक्रेता) प्रबंधन पर सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसका शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर सरस्वती वंदना से की गई। इस दौरान वक्ताओं ने भविष्य में क्लाउड कंप्यूटिंग, डेवलपर और व्यवसाय विश्लेषक के उपयोग के बारे में भी बताया। वहीं सेल्समैन में प्रशासनिक कौशल को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर कंप्यूटर इंजीनियरिंग के अध्यक्ष डॉ. कमल कुमार भाटिया, डॉ. संजीव गोयल, डॉ. मानवी, डॉ. दीपिका आदि मौजूद रही। **(का.सं.)**

**NEWS CLIPPING: 14.11.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में आठ डिजिटल नोटिस बोर्ड लगे

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में आठ प्रमुख स्थानों पर डिजिटल नोटिस बोर्ड और स्मार्ट टीवी स्थापित किए हैं। इसका शुभारंभ कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया। इस मौके पर के डीन, विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य और डिजिटल इंडिया सेल के सदस्य उपस्थित थे। यह सुविधा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के तहत प्रदान की गई है। डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. नीलम दूहन ने बताया कि डिजिटल बोर्ड एक केंद्रीकृत सर्वर प्रणाली के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

**NEWS CLIPPING: 14.11.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने डिजिटलाइज़ेशन के तहत परिसर में लगाए डिजिटल नोटिस बोर्ड

DB. 14/11/19

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने अपने परिसर में आठ स्थानों पर डिजिटल नोटिस बोर्ड लगाए हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी सभी क्षेत्रों में डिजिटलाइजेशन और डिजिटल साधनों को बढ़ावा देने की ओर बढ़ रहा है। नई सुविधा न केवल कागज के उपयोग को कम करेगी, बल्कि स्टूडेंट्स को तत्काल जानकारी और अपडेट भी प्रदान करेगी। डिजिटल नोटिस बोर्ड को एलसीडी व एलईडी स्क्रीन के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस पर सभी प्रकार के नोटिस, जानकारी तथा वीडियो प्रदर्शित करने की सुविधा है। डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. नीलम दूहन के अनुसार डिजिटल बोर्ड एक केंद्रीकृत सर्वर प्रणाली के माध्यम से जुड़े हुए हैं, जिसे परिसर में कहीं भी अपडेट किया जा सकता है। इन्हें स्थान वार संचालित भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा डिजिटल नोटिस बोर्ड सुव्यवस्थित तरीके से सूचना प्रदर्शित करने में सक्षम बनाता है और कागज के उपयोग को भी कम करता है।